# Office of Deputy Commissioner, Sonipat
## Government of Haryana

# ORDER

**विषयः-** **सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में दिनांक 16.11.2025 को जिला सोनीपत के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अकबरपुर बरोटा से भगवान परशुराम चौंक, सोनीपत तक पद यात्रा का आयोजन करने बारे ।**

-------------

प्रसंगत मामले में हरियाणा सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत के "लौह पुरुष" की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 16.11.2025 को जिला सोनीपत में एक पद यात्रा का आयोजन किया जाना है । इस पद यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओ में एकता, देशभक्ति, नागरिक जिम्मेदारी की भावना और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को जागृत करना है । **इस पदयात्रा में श्री मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश अध्यक्ष, बी0जे0पी0, हरियाणा बतौर मुख्य अतिथि भाग लेगें ।** जिला स्तरीय पदयात्रा का रुट और समय निम्न प्रकार है:-

| कार्यक्रम | पदयात्रा रुट | समय |
|---|---|---|
| जिला स्तरीय पदयात्रा | GSSS, Akbarpur Barota | 03.00 PM |
| समापन जनसभा | Bhagwan Parshu Ram Chowk, Sonipat | 07.00 PM |

उपरोक्त जिला स्तरीय पदयात्रा के सफल आयोजन बारे निम्नलिखित निर्देश जारी किए जाते है:-

| क्र.स. | अधिकारी | कार्य जो किया जाना है |
|---|---|---|
| 1. | पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत | 1. उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था के मध्यनजर पदयात्रा मार्ग/समापन स्थल पर सुरक्षा हेतु सभी आवश्यक पुलिस प्रबन्ध करवाना सुनिश्चित करे ।<br>2. पदयात्रा मार्ग पर पर सुचारु यातायात संचालन हेतु आवश्यक संख्या में ट्रैफिक पुलिसकर्मी सभी महत्वपूर्ण स्थानो पर तैनात करना सुनिश्चित करे । |
| 2. | जिला युवा अधिकारी, माई भारत | इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बतौर नोडल अधिकारी कार्य करेगे तथा सभी सम्बन्धित विभागो से सम्पर्क करते हुए उनके विभागीय सहयोग से उक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन करवाना सुनिश्चित करेगे। जिला स्तर पर प्रतिभागियों की अनुमानित सँख्या 500 तक रहेगी । |
| | 1. सचिव, रेडक्रॉस सोसाईटी, सोनीपत ।<br>2. नायब तहसीलदार, सोनीपत/राई | कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला युवा अधिकारी, माई भारत-एवं-नोडल अधिकारी को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेगे तथा उनके मार्गदर्शन अनुसार सभी आवश्यक प्रबन्ध समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करेगे । |
| 3. | सिविल सर्जन, सोनीपत | कार्यक्रम के दौरान पदयात्रा मार्ग पर एक एम्बुलैंस चिकित्सकों की टीम सहित एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं/दवाईयो सहित उपलब्ध करवाना सुनिश्चत करेगे । |
| 4. | जिला नगर आयुक्त, सोनीपत | 1. उक्त आयोजन हेतु निर्धारित पदयात्रा रूट पर तथा पदयात्रा समापन स्थल पर कार्यक्रम से पहले पूर्ण साफ-सफाई एवं स्वच्छता की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करेगे ।<br>2. सरकार द्वारा जारी SOP (प्रति संल्गन) अनुसार उक्त कार्यक्रम के दौरान सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सफाई कर्मियो की एक स्पेशल स्वच्छता-टोली गठित करते हुए उसे पदयात्रा मार्ग पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तैनात करना सुनिश्चित करे। पदयात्रा के STARTING POINT, HALTING POINTS & |

| | | |
|---|---|---|
| | | END POINT पर WASTE COLLECTION POINT बनाए जाए तथा इन सभी स्थानो पर आवश्यकतानुसार डस्टबिन उपलब्ध करवाएँ। कार्यक्रम के पश्चात भी आयोजन स्थल पर सफाई व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करेगे ।<br>3. इसके अतिरिक्त इस अवसर पर सोनीपत शहर (गांव अकबरपुर बरौटा से भगवान परशुराम चौंक ) में Public Places पर Cleanliness Drive का आयोजन भी करवाना सुनिश्चित करे ।<br>4. पदयात्रा के STARTING POINT, HALTING POINTS & END POINT पर आवश्यक संख्या में Temporary Public Toilets उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे । |
| 5. | **जिला युवा अधिकारी. माई भारत** | 1. प्रतिभागियों हेतु जलपान तथा टी-शर्ट की व्यवस्था एवं वितरण करवाना सुनिश्चित करेगे ।<br>2. कार्यक्रम के लिए National Flag, Banners की आवश्यक संख्या में उचित व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करेगे । |
| 6. | **कार्यकारी अभियन्ता, पब्लिक हेल्थ डिविजन न0 2, सोनीपत** | 1. पदयात्रा मार्ग पर तथा समापन स्थल पर वी.आई.पी. तथा प्रतिभागियो के लिए पीने के पानी की उचित व्यवस्था समय पर करवाना सुनिश्चित करेगे ।<br>2. उक्त कार्यक्रम हेतु पदयात्रा के STARTING POINT, HALTING POINTS & END POINT मार्ग पर Temporary VIP Toilets उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे । |
| 7. | **जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, सोनीपत** | 1. पदयात्रा कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी, माई भारत के निर्देशानुसार कार्यक्रम में खिलाडियो की ज्यादा से ज्यादा भगीदारी करवाना सुनिश्चित करेगे । |
| 8. | **जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी, सोनीपत** | 1. राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले इस पदयात्रा कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयो से विद्यार्थियो को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करवाना सुनिश्चित करेगे ।<br>2. इस पदयात्रा कार्यक्रम के अतिरिक्त महाविद्यालयो के विदयार्थियो को Official hastags #Sardar150 & #EkBharatAtmanirbharBharat के साथ सेल्फी लेने के लिए भी प्रेरित करे । |
| 9. | **प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अकबरपुर बरोटा, सोनीपत** | इस पदयात्रा कार्यक्रम में सरकार द्वारा जारी SOP (प्रति संल्गन) अनुसार आप अपने विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं को कार्यक्रम में भाग लेने बारे प्रेरित करना सुनिश्चित करें । |
| 10. | **जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत** | इस पदयात्रा के दौरान आने वाले गांवों के सभी राजकीय विद्यालयों के छात्र/छात्राओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करवाना सुनिश्चित करेंगें । |
| 11. | **जिला दमकल केन्द्र अधिकारी,** | उक्त कार्यक्रम के लिए पदयात्रा के साथ-साथ और पदयात्रा समापन स्थल पर दमकल गाडी आवश्यक साजो समान तथा स्टाफ सहित समय पर तैनात करना सुनिश्चित करे । |
| 12. | **जिला जन सूचना एवं लोक सम्पर्क अधिकारी, सोनीपत** | 1. उक्त कार्यक्रम के दौरान मिडिया कवरेज तथा स्टेज संचालन हेतु माईक व साउण्ड की उचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करेगे। पदयात्रा कवर (फोटो, विडियो, लाईव अपडेट) करने के लिए एक स्पेशल मीडिया टीम तैनात की जाए ।<br>2. इसके अतिरिक्त उक्त कार्यक्रम के दौरान पदयात्रा मार्ग पर पदयात्रा समापन स्थल पर अपने विभाग के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार करवाना सुनिश्चित करेगे जिसके माध्यम से युवाओ/प्रतिभागियो एकता, देशभक्ति का संदेश दिया जाए । |

| | | |
|---|---|---|
| | | **3.** लोकल मीडिया (Local Newspapers, Print Media, Social Media) के माध्यम से उपरोक्त कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार आमजन के बीच किया जाए ।<br>**4.** Local Print Media & Social Media के माध्यम से आमजन को Official hastags #Sardar150 & #EkBharatAtmanirbharBharat के साथ सेल्फी लेने के लिए भी प्रेरित करे । |

**नोट- सभी सम्बन्धित अधिकारीगण को निर्देश दिए जाते है कि आपसी तालमेल करके जिला युवा अधिकारी माई भारत बतौर नोडल अधिकारी का सहयोग प्रदान करते हुये दिए गए दिशा-निर्देशानुसार तुरन्त आगामी आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।**

उपायुक्त, सोनीपत

पृ0 क्रमांक 12325 /एम0बी0 दिनांक 14.11.2025

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को आगामी आवश्यक कार्यवाही एवं पालना हेतू प्रेषित हैः-

1. जिला नगर आयुक्त, सोनीपत ।
2. पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत ।
3. उप मण्डल अधिकारी (ना0), सोनीपत ।
4. नगराधीश, सोनीपत ।
5. कार्यकारी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, सोनीपत ।
6. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, सोनीपत ।
7. जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी, सोनीपत ।
8. जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत ।
9. जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत ।
10. सिविल सर्जन, सोनीपत ।
11. जिला अग्निशमन अधिकारी, सोनीपत ।
12. जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, सोनीपत ।
13. तहसीलदार, सोनीपत ।
14. नायब तहसीलदार, सोनीपत/राई ।
15. प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अकबरपुर बरोटा मार्फत कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत ।
16. सचिव, जिला रेड़ क्रॉस सोसायटी, सोनीपत ।
17. जिला युवा अधिकारी, माई भारत, सोनीपत एवं नोड़ल अधिकारी Sardar@150 Unity March (9999918940)

उपायुक्त, सोनीपत

**प्रतिलिपिः- निजी सहायक, उपायुक्त, सोनीपत ।**